# झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद राँची (झारखंड)

## प्रथम सावधिक परीक्षा (2021- 2022)

प्रतिदर्श प्रश्न पत्र                                        सेट-2

| कक्षा-09 | विषय- हिंदी 'बी' | समय – 1 घंटा 30 मिनट | पूर्णांक-40 |
|---|---|---|---|

**सामान्य निर्देश:-**

- **सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।**
- **प्रश्नों की कुल संख्या 40 है ।**
- **प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित हैं ।**
- **प्रत्येक प्रश्न के लिए चार विकल्प दिए गए हैं इनमें से एक सही विकल्प का चयन कीजिए ।**
- **गलत उत्तर के लिए कोई अंक नहीं काटे जाएँगे ।**

### खंड 'क' (अपठित बोध)

**निर्देश:- निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 1-5 तक के लिए सही विकल्प का चयन करें।**

राहे पर खड़ा है, सदा से ठूँठ नहीं है। दिन थे जब वह हरा भरा था और उस जनसंकुल चौराहे पर अपनी छतनार डालियों से बटोहियों की थकान अनजाने दूर करता था। पर मैंने उसे सदा ठूँठ ही देखा है। पत्रहीन, शाखाहीन, निरवलंब, जैसे पृथ्वी रूपी आकाश से सहसा निकलकर अधर में ही टंग गया हो। रात में वह काले भूत-सा लगता है, दिन में उसकी छाया इतनी गहरी नहीं हो पाती जितना काला उसका जिस्म है और अगर चितेरे को छायाचित्र बनाना हो तो शायद उसका-सा 'अभिप्राय' और न मिलेगा। प्रचंड धूप में भी उसका सूखा शरीर उतनी ही गहरी छाया ज़मीन पर डालता जैसे रात की उजियारी चांदनी में।जब से होश संभाला है, जब से आंख खोली है, देखने का अभ्यास किया है, तब से बराबर मुझे उसका निस्पंद, नीरस, अर्थहीन शरीर ही दिख पड़ा है।

पर पिछली पीढ़ी के जानकार कहते हैं कि एक जमाना था जब पीपल और बरगद भी उसके सामने शरमाते थे और उसके पत्तों से, उसकी टहनियों और डालों से टकराती हवा की सरसराहट दूर तक सुनाई पड़ती थी। पर आज वह नीरव है, उस चौराहे का जवाब जिस पर उत्तर-दक्षिण, पूरब-पश्चिम चारों और की राहें मिलती हैं और जिनके सहारे जीवन अविरल बहता है। जिसने कभी जल को जीवन की संज्ञा दी, उसने निश्चय जाना होगा की प्राणवान जीवन भी जल की ही भांति विकल, अविरल बहता है। सो प्राणवान जीवन, मानव संस्कृति

का उल्लास उपहार लिए उन चारों राहों की संधि पर मिलता था जिसके एक कोण में उस प्रवाह से मिल एकांत शुष्क आज वह ठूँठ खड़ा है। उसके अभाग्यों परंपरा में संभवतः एक ही सुखद अपवाद है - उसके अंदर का स्नेहरस सूख जाने से संख्या का लोप हो जाना। संज्ञा लुप्त हो जाने से कष्ट की अनुभूति कम हो जाती है।

01. जनसंकुल का क्या आशय है?

A.जनसंपर्क B.भीड़ भरा C.जनसमूह D.जनजीवन

02. आम की छतनार डालियों के कारण क्या होता था?

A. यात्रियों को ठंडक मिलती थी B. यात्रियों को विश्राम मिलता था
C. यात्रियों की थकान मिटती थी D. यात्रियों को हवा मिलती थी

03. शाखाहीन, रसहीन, शुष्क वृक्ष को क्या कहा जाता है?

A. नीरस वृक्ष B. जड़ वृक्ष C. ठूँठ वृक्ष D. हीन वृक्ष

04. आम के वृक्ष के सामने पीपल और बरगद के शरमाने का क्या कारण था?

A. उसका अधिक हरा-भरा और सघन होना B. हवा की आवाज सुनाई देना
C. अधिक फल फूल लगना D. अधिक ऊँचा होना

05. आम के अभागेपन में संभवतः एक ही सुखद अपवाद था -

A. उसका नीरस हो जाना B. संज्ञा लुप्त हो जाना
C. सूख कर ठूँठ हो जाना D. अनुभूति कम हो जाना

**निर्देश:-प्रस्तुत पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 6-10 तक के लिए सही उत्तर का चयन करें।**

कोयल सुना रही है तराने वसंत को,

भँवरे भी आ गए हैं रिझाने वसंत को,

बुलबुल चमन में देखकर तुरंत आ गया,

वसंत आ गया अहा! वसंत आ गया॥

06. प्रस्तुत पद्यांश में किस ऋतु का वर्णन है?

A. हेमंत B. शिशिर C. शरद D. वसंत

07. वसंत को तराने कौन सुना रही है?

A. बुलबुल B. कोयल C. भँवरे D. चमन

08. वसंत को रिझाने कौन आया है?

A. बुलबुल B. कोयल C. भँवरे D. चमन

09. कोयल और भँवरे वसंत का स्वागत कैसे कर रहे हैं?

A. गाकर B. रिझाकर C. गाकर और रिझाकर D. इनमें से कोई नहीं

10. 'चमन' का क्या अर्थ है?

A. वसंत B. पक्षी C. बाग़ D. भँवरा

**खंड-ख (व्याकरण एवं रचना)**

**निर्देश:- नीचे दिए गए पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए -**

11. 'ब+इ+ज्+ञ्+आ+न्+अ' यह किस शब्द का वर्ण-विच्छेद है?

A. विज्ञान B. बेजान C. बेईमान D. विमान

12. निम्नलिखित शब्दों में से किस शब्द पर 'रेफ' लगा हुआ है?

A. कर्म B. क्रम C. कृति D. कृमी

13. किसी व्यंजन अक्षर के नीचे लगाए जानेवाले बिंदु को __________ कहते हैं?

A. बिंदु B. अर्धचन्द्राकार C. नुक्ता D. चंद्रबिंदु

14. 'गरोब माँ-बाप अपना _________ कर बच्चों को पढ़ाते हैं।' रिक्त स्थान की पूर्ति सटीक मुहावरे से कीजिए।

A. गला काट B. पेट काट C. खून बहा D. मन लगा

15. 'संगत' शब्द को विपरीतार्थक बनाने के लिए आप किस उपसर्ग का प्रयोग करेंगे?

A. अप B. आ C. अ D. अति

16. 'ओढ़नी' शब्द में किस प्रत्यय का प्रयोग हुआ है?

A. ओढ़ B. ढनी C. नी D. ओ

17. 'उसकी प्रकृति अच्छी नहीं है।' रेखांकित शब्द का अर्थ क्या है?

A. स्वभाव B. कुदरत C. प्राकृतिक मौसम D. रहन-सहन

**निर्देश:- नीचे दिए गए पत्र को पढ़कर प्रश्नों के सही उत्तर चुनिए:-**

18._______

सहायक अभियंता

चास नगर निगम
चास, बोकारो
दिनांक:- 07.05.2020

19.___________: चास में अनियमित विद्युत व्यवस्था के सम्बन्ध में l

20.___________

हम चास मोहल्ला, वार्ड-12 जिला बोकारो के निवासी आपका ध्यान चास में अनियमित विद्युत व्यवस्था की ओर आकर्षित करना चाहते हैं l यहाँ बिजली दिन भर में तीन से चार घंटे ही रहती है l इसमें भी वोल्टेज की समस्या बनी रहती है l

हमारे कई बिजली के उपकरण इस कारण जल गए हैं l भयंकर गर्मी से इस मौसम में जीना दूभर हो गया है l

अतः महोदय से आग्रह है कि यथाशीघ्र हमारे मोहल्ले की विद्युत व्यवस्था का निरीक्षण कर उचित प्रबंध करने की कृपा की जाए l आपकी ओर से उचित कार्यवाही के लिए हम आपके आभारी रहेंगे l

21. _____________

मुहल्लेवासी
वार्ड संख्या-12, चास
बोकारो

18. A. सेवा में, B. प्रिय C. निवेदन है D. सादर
19. A. कथन B. विषय C. महाशय D. सादर
20. A. सेवा में, B. प्रिय C. महाशय, D. सादर
21. A. सेवा में B. आपका प्रिय C. आपका D. कृपाकांक्षी
22. उपरोक्त पत्र किस प्रकार का है?
A. शुभकामना पत्र B. बधाई पत्र C. अनौपचारिक पत्र D. औपचारिक पत्र

## खंड-ग (पाठ्यपुस्तक)

**निर्देश:-प्रस्तुत पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 23-27 तक के लिए सही उत्तर का चयन करें।**

ऐसी लाल तुझ बिनु कउनु करै।

गरीब निवाजु गुसईआ मेरा माथै छत्रु धरै॥

जाकी छोती जगत कउ लागै ता पर तुहीं ढरै।

नीचहु ऊच करै मेरा गोबिंदु काहू ते न डरै॥

नामदेव कबीरु तिलोचनु सधना सैनु तरै।

कहि रविदासु सुनहु रे संतहु हरिजीउ ते सभै सरै॥

23. प्रस्तुत पद्यांश के कवि कौन हैं?

A. रैदास B. रहीम C. नज़ीर अकबराबादी D. सियारामशरण गुप्त

24. 'नीचहु ऊच करै मेरा गोबिंदु' से क्या आशय है?

A. नीच प्राणी को उच्च सम्मान प्रदान करना

B. प्रत्येक प्राणी को नीच बनाना

C. स्वयं को उच्च समझना

D. अन्य को नीचा दिखाना

25. 'गरीब नवाजु' का क्या अर्थ है?

A. दीन-दुखी B. अत्यंत दीन

C. दीन-दुखियों से घृणा करने वाला D. दीन-दुखियों पर दया करने वाला

26. इस पद में किन 'मनीषियों' के नाम आए हैं?

A. कबीर B. त्रिलोचन C. नामदेव D. उपर्युक्त सभी

27. 'छोति' का अर्थ क्या है?

A. छूना B. स्पर्श C. छूआछूत D. छाता

**निर्देश:- निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए।**

28. रैदास के पहले पद में प्रयुक्त युग्म शब्द के आधार पर विकल्प में दिए गए गलत युग्म का चयन कीजिए।

A. दीपक-बाती B. मोती-धागा C. स्वामी-स्वामिनी D. चंदन-पानी

29. रैदास को किसके नाम की रट लगी रहती है?

A. कृष्ण B. शिव C. राम D. हनुमान

30. कवि रैदास मोर बनकर प्रभु को किस प्रकार देखने की बात करते हैं?

A. जैसे बेटा अपनी माँ को देखता है।

B. जैसे चिड़िया अपने घोंसले को देखती है।

C. जैसे चकोर चाँद को देखता है।

D. जैसे चकोर सूरज को देखता है।

31. 'सोनाहीं मिलत सुहागा' इस उक्ति का अर्थ क्या है?

A. ईश्वर के समान सोना मिलता है।

B. अच्छी बात में और अच्छी बात होना।

C. अच्छी बात में बुरी बात होना।

D. बुरी बात में अच्छी बात होना।

**निर्देश:-प्रस्तुत गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्न संख्या 32-36 तक के लिए सही उत्तर का चयन करें।**

उस पुत्र-वियोगिनी के दुख का अंदाज़ा लगाने के लिए पिछले साल अपने पड़ोस में पुत्र की मृत्यु से दुखी माता की बात सोचने लगा। वह संभ्रांत महिला पुत्र की मृत्यु के बाद अढ़ाई मास तक पलंग से उठ न सकी थी। उन्हें पंद्रह-पन्द्रह मिनट बाद पुत्र-वियोग से मूर्छा आ जाती थी और मूर्छा न आने की अवस्था में आँखों से आँसू न रुक सकते थे। दो-दो डॉक्टर हरदम सिरहाने बैठे रहते थे। हरदम सिर पर बरफ रखी जाती थी। शहर भर के लोगों के मन उस पुत्र-शोक से द्रवित हो उठे थे।

जब मन को सूझ का रास्ता नहीं मिलता तो बेचैनी से काम तेज़ हो जाते हैं। उसी हालत में नाक ऊपर उठाए, राह चलतों से ठोकरें खाता मैं चला जा रहा था। सोच रहा था-शोक करने, गम मनाने के लिए भी सहूलियत चाहिए और...... दुखी होने का भी एक अधिकार होता है।

32. प्रस्तुत गद्यांश के लेखक कौन हैं?

A. यशपाल B. बचेंद्री पाल C. शरद जोशी D. धिरंजन मालवे

33. लेखक किसके दुःख का अंदाज़ा लगाना चाहते थे?

A. माता को खो चुके पुत्र का B. पुत्र को खो चुकी माता का

C. शहर भर के लोगों का		D. इनमें से कोई नहीं

34. पुत्र के वियोग में सभ्रांत महिला की क्या स्थिति थी?

A. वह पुत्र की मृत्यु के बाद अढ़ाई मास तक पलंग से न उठ सकी।

B. उसे पंद्रह-पन्द्रह मिनट बाद पुत्र-वियोग से मूर्छा आ जाती थी।

C. उसके आँखों से आँसू न रुकते थे।

D. उपर्युक्त सभी

35. दुखी होने का भी एक ___________ होता है।

A. वक्त		B. अधिकार		C. समय		D. परिस्थिति

36. 'शोक' का विलोम शब्द क्या है?

A. कष्ट		B. व्यथा		C. दुख		D. हर्ष

**निर्देश:- निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए।**

37. एवरेस्ट मेरी शिखर यात्रा में मुख्य रूप से किसका वर्णन है?

A. बचेंद्री पाल के पर्वतारोहण का		B. बचेंद्री पाल के स्कूली जीवन का

C. एवरेस्ट की प्राकृतिक सुन्दरता का		D. एवरेस्ट की सुरक्षा का

38. एवरेस्ट अभियान दल किस तारीख को दिल्ली से काठमांडू के लिए चल दिया?

A. 5 मार्च		B. 6 मार्च		C. 7 मार्च		D. 8 मार्च

39. 'एवरेस्ट' नेपालियों में किस नाम से प्रसिद्ध है?

A. पर्वततुंग		B. सागरमाथा		C. लंबा पहाड़		D. गोल पहाड़

40. एवरेस्ट की चोटी पर चढ़ने वाली भारत की प्रथम महिला कौन हैं?

A. संतोष यादव		B. अरुणिमा सिन्हा		C. बचेंद्री पाल		D. जूनको ताबे

*****